जुलाई-दिसम्बर, 2023 द्वितीय संयुक्तांक



विविध

संग्रहालय की त्रैमासिक समाचार पत्रिका



संस्कृति मंत्रालय
MINISTRY OF CULTURE
सत्यमेव जयते

इलाहाबाद संग्रहालय
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)
Allahabad Museum
(Ministry of Culture, Government of India)



प्रेरक

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
एवं अध्यक्ष, इलाहाबाद संग्रहालय समिति



श्री जी. किशन रेड्डी

संस्कृति मंत्री
भारत सरकार



श्री अर्जुन राम मेघवाल

संस्कृति राज्य मंत्री
भारत सरकार



श्रीमती मीनाक्षी लेखी

संस्कृति राज्य मंत्री
भारत सरकार


विविधा

संग्रहालय की त्रैमासिक समाचार पत्रिका

द्वितीय संयुक्तांक

जुलाई-दिसम्बर, 2023

इलाहाबाद संग्रहालय
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)
कमला नेहरू रोड, चन्द्रशेखर आज़ाद पार्क,
सिविल लाइन्स, प्रयागराज–211002



निदेशक की कलम से.....

इलाहाबाद संग्रहालय की त्रैमासिक समाचार पत्रिका 'विविधा' के द्वितीय संयुक्तांक (जुलाई–सितम्बर, 2023) आपको सौंपते हुए मुझे खुशी हो रही है और यह नैरन्तर्य बना रहे एतदर्थ सम्पादन टीम को मेरी शुभकामना।

वस्तुतः कीमती वस्तुओं को सहेजने की प्रवृत्ति का परिणाम संग्रहालय संकल्पना है जो क्रमागत रूप से उन्नति करते हुए राष्ट्रीय गौरव की पहचान और अंततः सांस्कृतिक शिक्षा के अनौपचारिक केन्द्र के रूप में स्थापित हुए। वर्तमान में भारतीय संग्रहालयों में संरक्षित–सुरक्षित तमाम बहुमूल्य कलाकृतियों पर स्वतंत्र शोध प्रकाशन के साथ उनकी सहज सुलभता की आवश्यकता है। हालांकि संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार ने जतन साफ्टवेयर के माध्यम से इस दिशा में सराहनीय कदम बढ़ाया है तथापि इस दिशा में प्रत्येक संग्रहालय प्रशासन की पहल आवश्यक है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इलाहाबाद संग्रहालय इस दिशा में वर्षों से बंद पड़ी अपनी ख्याति प्राप्त शोध–पत्रिका 'चिति वीथिका' के पुनर्प्रकाशन के संकल्प से यह पहल कर चुका है।



कोई भी प्रकाशन संस्थान का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है और इस दृष्टि से त्रैमासिक समाचार पत्रिका विविधा के प्रकाशन में पूर्ण सावधानी रखी जाती है, फिर भी किसी स्तर पर किसी भी प्रकार के सार्थक सुझाव का हम स्वागत करेंगे।

राजेश प्रसाद
निदेशक

उमा महेश्वर



ग्यारहवीं शती ईस्वी, खजुराहो, मध्य प्रदेश

इलाहाबाद संग्रहालय के पूर्व मध्यकालीन प्रस्तर शिल्प वीथिका में प्रदर्शित 11वीं शती ई0 की यह उमा महेश्वर प्रतिमा खजुराहो, मध्य प्रदेश से प्राप्त है। सभी मूल प्रतिमा लक्षणों से युक्त यह प्रतिमा अपनी श्रेणी की अन्यतम है। प्रतिमा में शिव किरीट मुकुट व गले में हार से सज्जित हैं, शिव की बायीं जांघ पर पार्वती आसीन हैं, पार्वती सम्पूर्ण आभूषणों से युक्त व केश वेणी से सज्जित हैं। शिव–पार्वती एक दूसरे को निर्निमेष देख रहे हैं। पार्वती का एक हाथ शिव के कंधे पर और दूसरा हाथ खण्डित है। शिव का बायां हाथ पार्वती के वक्ष पर व दाहिना हाथ सम्भवतः वरद मुद्रा में था जो सम्प्रति खण्डित है। प्रतिमा के नीचे सात गण अंकित हैं। एक अन्य धारणा यह है कि नीचे रावण अपने आराध्य को सपरिवार उठाए हुएँ। प्रतिमा में नीचे शिव–पार्वती के वाहन क्रमशः वृषभ व सिंह अंकित है, प्रतिमा में दाहिने गणेश व बायीं ओर कार्तिकेय का अंकन है। प्रतिमा परितः गज ब्याल के अंकन के साथ शीर्ष पर उड़ते विद्याधरों द्वारा सम्पूजित चतुभुर्ज बह्मदेव अंकित हैं।

संयुक्त आयोजन

31 जुलाई 2023 को कलागुरु क्षितीन्द्रनाथ मजूमदार की 132वीं जयंती के अवसर पर इलाहाबाद संग्रहालय व क्षितीन्द्रनाथ मजूमदार विजुवल एण्ड क्रिएटिव आर्ट फाउंडेशन, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में विविध कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें चित्रकला, स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता के साथ ही सांस्कृतिक सन्ध्या का शुभारम्भ मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री सुधीर नारायण ने किया। इस अवसर पर निदेशक संग्रहालय श्री राजेश प्रसाद ने कहा कि बंगाल कला केन्द्र के स्वनामधन्य हस्ताक्षर पं0 क्षितीन्द्रनाथ मजूमदार मात्र इलाहाबाद विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के जन्मदाता हैं ही नहीं अपितु इलाहाबाद संग्रहालय भी उनकी कलाकृतियों से समृद्ध है।







31 जुलाई, 2023 को इलाहाबाद संग्रहालय व इंद्रधनुष संस्थान, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 5 दिवसीय 'मृण्मूर्ति कला निर्माण' कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला के उद्देश्य पर बात करते हुए निदेशक संग्रहालय ने कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखना ही आयोजन का मुख्य हेतु है। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।







23 अगस्त, 2023

इलाहाबाद संग्रहालय एवं अयोध्या शोध संस्थान, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी की 526वीं जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री हरिचैतन्य ब्रह्मचारी, टीकरमाफी आश्रम, प्रयागराज एवं सभाध्यक्ष के रूप में जगद्गुरु स्वामी श्रीधराचार्य उपस्थित रहे। अपने आशीर्वचन में श्रीधराचार्य जी ने कहा कि तुलसी सामाजिक सामन्जस्य एवं आध्यात्मिक उत्थान के प्रतीक हैं। कार्यक्रम का समापन श्री रत्नेश दुबे एवं साथियों के भजन प्रस्तुतीकरण से हुआ।





24 अगस्त, 2023









इलाहाबाद संग्रहालय, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग एवं इतिहास संस्थान, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'मेरा शहर मेरा इतिहास' शीर्षक से कार्यक्रम के तहत शहर के विविध विद्यालयों के 700 बच्चों को संग्रहालय भ्रमण कराया गया। डॉ. संजू मिश्रा एवं डॉ. सुशील कुमार के मार्गदर्शन में बच्चे अपने समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हुए। संग्रहालय भ्रमण के पश्चात् विद्यार्थियों के मध्य मेरा शहर मेरी नदी विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। कार्यक्रम के अन्त में निदेशक संग्रहालय श्री राजेश प्रसाद व इतिहास संस्थान के निदेशक सुश्री स्मिता वत्स ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

27 सितम्बर, 2023



विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर इलाहाबाद संग्रहालय एवं क्षेत्रीय पर्यटन विकास समिति के संयुक्त प्रयास से 120 बच्चों को निःशुल्क संग्रहालय भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर बच्चों से बात करते हुए निदेशक संग्रहालय श्री राजेश प्रसाद ने कहा कि घुमक्कड़ी से सम्पूर्ण व्यक्तित्व निखरता है। अतः हम सब को प्रथमतः अपने सतरंगी देश को देखना समझना चाहिए। उन्होंने पयर्टन के आर्थिक पक्ष पर बातें भी रखी। बच्चों को डॉ. संजू मिश्रा एवं डॉ. सुशील कुमार ने विविध वीथिकाओं का भ्रमण कराया। संयोजन व धन्यवाद ज्ञापन श्री हसन नक़वी, अध्यक्ष पर्यटन विकास समिति ने किया।

आयोजन

23 जुलाई, 2023



अमरशहीद चन्द्रशेखर आजाद की 117वीं जयंती पर निदेशक, संग्रहालय श्री राजेश प्रसाद के नेतृत्व में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने संग्रहालय परिसर स्थित आजाद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।



28 जुलाई, 2023

इलाहाबाद संग्रहालय में 'आरोग्य' स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत विशेषज्ञ के रूप में डॉ. जितिन कुमार, दिल्ली ने कहा कि हमारे दैनन्दिन में कपितय ऐसी सावधानियां है जिन्हें अपना कर एवं जीवन शैली व खान-पान में सुधार कर हम स्वस्थ जीवन बीता सकते हैं।



15 अगस्त, 2023

निदेशक संग्रहालय श्री राजेश प्रसाद ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि आजादी के 77 वर्षों में देश ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, एयरस्पेस इन्जीनियरिंग, सड़क परिवहन के क्षेत्र में विकास के कीर्तिमान स्थापित किया है। एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक संस्था का अंग होने के नाते हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि अपने नियत दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए विकसित भारत के सपनों को साकार करें।







02 अक्टूबर, 2023

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर माह भर चलने वाले स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ हुआ। इसके पूर्व सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने महात्मा गांधी व दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।







30 अक्टूबर, 2023

इलाहाबाद संग्रहालय में सतर्कता सप्ताह का शुभारम्भ सतर्कता आयुक्त, भारत सरकार की तरफ से प्रेषित शपथ ग्रहण से हुआ। इस साप्ताहिक कार्यक्रम में 31 अक्टूबर, 2023 को ऑफिस एथिक्स विषय पर श्री एच0एल0 सिंह, सीनियर एकाउण्ट ऑफिसर (से.नि.) का व्याख्यान भी आयोजित किया गया। व्याख्यान से पूर्व मुख्य वक्ता व निदेशक संग्रहालय ने भारतीय एकीकरण के अग्रदूत लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।





24 नवम्बर, 2023

विश्व विरासत सप्ताह के अंतर्गत 'भारत की सांस्कृतिक विरासत' विषय पर प्रो0 एच0 एन0 दुबे का व्याख्यान आयोजित किया गया। इस साप्ताहिक आयोजन में 12वीं कक्षा तक विद्यार्थियों का संग्रहालय भ्रमण निःशुल्क रखा गया।







26 नवम्बर, 2023



भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर निदेशक श्री राजेश प्रसाद के नेतृत्व में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने शहर के विविध विद्यालयों के बच्चों के साथ उद्देशिका का वाचन किया।







सांस्कृतिक गतिविधियाँ

9 अगस्त, 2023



इलाहाबाद संग्रहालय में 'अमृत महोत्सव-2' के अन्तर्गत 'मेरी माटी मेरा देश- शहीदों को नमन, वीरों का वंदन' कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर निदेशक संग्रहालय, श्री राजेश प्रसाद ने संग्रहालय परिसर में बिल्व (बेल) वृक्ष का रोपण किया। इसके पश्चात् सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने मिट्टी हाथ में लेकर 2047 तक विकसित भारत के निर्माण व अपनी विरासत को संरक्षित रखने का संकल्प लिया।



10 अगस्त, 2023







'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के दूसरे दिन स्कूली बच्चों के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर आधारित स्लोगन राइटिंग का आयोजन किया गया। बच्चों से बात करते हुए निदेशक संग्रहालय ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव हमें अपनी उपलब्धियों पर गर्व करने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम के पश्चात् संग्रहालय परिसर आजाद प्रतिमा से शहीद स्थल तक तिरंगा यात्रा आयोजित की गयी।

11 अगस्त, 2023

'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत विविध स्कूल के बच्चों द्वारा शहीदों के सम्मान में कविता व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस अवसर अपने सम्बोधन में निदेशक श्री राजेश प्रसाद ने कहा कि यह कार्यक्रम हम सबको अमरशहीदों के स्मरण व नमन का अवसर देता है। हमें एक जिम्मेदार नागरिक का दायित्व निभाते हुए सार्वजनिक स्वच्छता, नारी सम्मान, वृक्षारोपण व अन्य सामाजिक जागरूकता में सक्रिय भूमिका निभाना चाहिए। कार्यक्रम के अन्त में वित्त एवं लेखाधिकारी श्री राघवेन्द्र सिंह ने सभी मेरी माटी मेरा अभिमान शपथ ग्रहण कराया, बच्चों को तिरंगा वितरण के पश्चात् डॉ. संजू मिश्रा व डॉ. सुशील कुमार द्वारा विविध वीथिकाओं का भ्रमण कराया गया।





12 अगस्त, 2023

'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अन्तर्गत इलाहाबाद संग्रहालय की तरफ से कर्नलगंज इण्टर कालेज परिसर में पर्यावरण संवर्धन के दृष्टिगत वृहद् वृक्षारोपण किया गया। जिसमें कालेज के शिक्षक और विद्यार्थियों सहित संग्रहालय के अधिकारी व कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की।







14 अगस्त, 2023

आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 'मेरी माटी मेरा अभिमान' कार्यक्रम का समापन स्वतंत्रता आन्दोलन के बलिदानियों व आजादी के रक्षक शहीदों को समर्पित काव्यगोष्ठी के आयोजन के साथ हुआ। जिसमें शहर के नामचीन कवियों सुश्री प्रीता बाजपेयी, डॉ. श्लेष गौतम, श्री रुस्तम इलाहाबादी, श्री यश मालवीय ने काव्यपाठ किया। अध्यक्षता डॉ. लोकेश शुक्ल, निदेशक, आकाशवाणी, प्रयागराज ने किया।





15 अक्टूबर, 2023

इलाहाबाद संग्रहालय एवं जगजीत सिंह फैन्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में गजल सम्राट पद्म भूषण जगजीत सिंह की स्मृति में शाम-ए-गजल शीर्षक से गजल सन्ध्या का आयोजन संग्रहालय के मुक्ताकाशी मंच पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति श्री महेशचन्द्र त्रिपाठी, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद उपस्थित रहे।



अकादमिक गतिविधियाँ

06 नवम्बर, 2023

इलाहाबाद संग्रहालय में प्रो0 क्षेत्रेश चन्द्र चट्टोपाध्याय स्मृति व्याख्यानमाला के अंतर्गत 'बौद्ध साधना: व्यष्टि से समष्टि कल्याण की यात्रा' विषय पर प्रो0 बैद्यनाथ लाभ, कुलपति, सांची विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश का व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध प्राच्यविद् प्रो0 गया चरण त्रिपाठी ने की।







05 दिसम्बर, 2023



डॉ. ए0के0 कुमारस्वामी स्मृतिव्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत भारतीय शास्त्रीय संगीत के सुप्रसिद्ध आचार्य, पद्मश्री प. ऋत्विक सान्याल का प्रदर्श व्याख्यान 'राग चित्र - दृष्टि से सृष्टि' शीर्षक से आयोजित किया गया।





भ्रमण

04 अगस्त, 2023

सी0ए0जी0 के 20 प्रशिक्षु अधिकारियों का भ्रमण सम्पन्न हुआ। डॉ. सुशील कुमार ने सभी आगंतुकों को विविध वीथियों में प्रदर्शित कलाकृतियों के माध्यम से देश की गौरवशाली कला, परम्परा व इतिहास से अवगत कराया।





05 सितम्बर, 2023



केन्द्रीय सचिवालय के अधिकारियों के 40 सदस्यीय दल का इलाहाबाद संग्रहालय भ्रमण सम्पन्न हुआ। सभी का स्वागत करते हुए निदेशक श्री राजेश प्रसाद ने संग्रहालय के समृद्ध संग्रह व कार्य प्रकृति पर बात करते हुए प्रयागराज भ्रमण क्रम में इलाहाबाद संग्रहालय के चयन हेतु सचिवालय के प्रति आभार व्यक्त किया। वित्त एवं लेखाधिकारी श्री राघवेन्द्र सिंह के साथ डॉ. सुशील कुमार ने सभी आगन्तुकों को संग्रहालय के विविध वीथिकाओं का भ्रमण कराया।

25 सितम्बर, 2023

श्रीमती आनंदीबेन पटेल माननीय राज्यपाल, उ0प्र0 एवं अध्यक्ष इलाहाबाद संग्रहालय समिति का आगमन इलाहाबाद संग्रहालय में हुआ। इस दौरे में माननीय महोदया ने इलाहाबाद संग्रहालय के कार्यकारिणी एवं समिति की बैठकों की अध्यक्षता की। इसके पूर्व माननीय राज्यपाल महोदया द्वारा संग्रहालय के मुख्य प्रवेश द्वार का शिलान्यास व इसी क्रम में संग्रहालय के नव.निर्मित आजाद वीथिका, मूल संगोल की प्रतिकृति, नव संयोजित जन. सम्बोधन प्रणाली पुनर्सज्जित केन्द्रीय कक्ष का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर श्री सुधीर एम0 बोबड़े, अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल श्री पंकज एल0 जानी, विशेष कार्याधिकारी श्री राज्यपाल सुश्री मुग्धा सिन्हा, संयुक्त सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार सहित समिति के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।













07 अक्टूबर, 2023

श्री विजय कुमार सिंह, आई0ए0एस0, सचिव, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार व श्री श्याम देव, रक्षा लेखा प्रधान नियन्त्रक का इलाहाबाद संग्रहालय भ्रमण हुआ।

25 अक्टूबर, 2023

माननीय न्यायमूर्ति, श्री विपिन चन्द्र नेगी, शिमला, उच्च न्यायालय का इलाहाबाद संग्रहालय भ्रमण सम्पन्न हुआ।






प्रदर्शनी

26 सितम्बर, 2023

इलाहाबाद संग्रहालय में 'सांवरीः केश सज्जा' पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारम्भ सुश्री मुग्धा सिन्हा, संयुक्त सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं श्री सुधीर एम0 बोबड़े, अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उ0प्र0 ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर माननीय अतिथियों ने प्राथमिक विद्यालय के 30 बच्चों को स्कूल बैग, पेन्सिल सेट एवं फल वितरित किया।









कार्यशाला

24 जुलाई, 2023





संग्रहालय और इन्द्रधनुष संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 05 दिवसीय मृण्मूर्ति निर्माण कार्यशाला का शुभारम्भ निदेशक संग्रहालय श्री राजेश प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रतिभागी बच्चों से बात करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि हम सब को अपने जीवन में कुछ अलग रुचि (हॉबी) रखनी चाहिए जो रचनात्मक व्यक्तित्व निर्मित करती है।

05 अक्टूबर, 2023



'रिआर्गनाइजेशन ऑफ़ म्यूजियम स्टोरेज' शीर्षक से 10 दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। आईक्रोम, रोम, आई0जी0एन0सी0ए0, दिल्ली व इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में कुल 28 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक, श्री गेल द गीशा, रोम एवं सुश्री हैदर ब्राउन, आस्ट्रेलिया रहे।





संरक्षण प्रयोगशाला

संग्रहालय के संरक्षण प्रयोगशाला द्वारा समय/ आवश्यकतानुसार प्रदर्शों एवं सुरक्षित संग्रह में संकलित कलाकृतियों की देख-रेख व संरक्षण का कार्य किया जाता है। सन्दर्भित तिमाही में संरक्षण प्रयोगशाला द्वारा कुल 1136 कलाकृतियों का संरक्षण कार्य किया गया।



अभिलेखीकरण

सन्दर्भित तिमाही में छायाचित्र अनुभाग द्वारा कुल 312 कलाकृतियों का त्रि-आयामी छायाचित्र तैयार किया गया।

सिविल कार्य

इलाहाबाद संग्रहालय द्वारा सन्दर्भित अवधि में विविध वीथिकाओं के साथ छायाचित्र अनुभाग की पेंटिंग, गार्डेन इंटरलाकिंग, केन्द्रीय कक्ष में मुख्य प्रवेश द्वार पर सेंसर आधारित स्वचालित द्वार की स्थापना के साथ प्रदर्शनी हाल के पेंटिंग व फ्लोरिंग का कार्य किया गया। इस अवधि में संग्रहालय संग्रह का भाग कुल 08 नग उत्तर मुगल एवं ब्रिटिशकालीन तोपों को फाउण्डेशन बना कर पुनः संयोजित किया गया।







प्रकाशन

सन्दर्भित अवधि में इलाहाबाद संग्रहालय द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24, विविधा का प्रवेशांक, सांवरी प्रदर्शनी के ब्रोशर व कैटेलॉग एवं वर्ष 2024 के पॉकेट कैलेण्डर का प्रकाशन किया गया।




संस्कृति मंत्रालय
MINISTRY OF CULTURE
G20
INDIA
132nd
Kalaguru
Kshitindra Nath Mazumdar
CREATIVE ART FOU
AHABAD PRAYAGRAJ
ION WITH
M PRAYAGRAJ
Kalaguru
Kshitindra Nath Mazumd











इलाहाबाद संग्रहालय

(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)

कमला नेहरू रोड, सी. एस. आज़ाद पार्क,
सिविल लाइन्स, प्रयागराज–211002





इलाहाबाद संग्रहालय

(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)

कमला नेहरू रोड, सी. एस. आज़ाद पार्क,
सिविल लाइन्स, प्रयागराज–211002

प्रकाशक : इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज

प्रधान सम्पादक : श्री राजेश प्रसाद

सम्पादक : डॉ. राजेश कुमार मिश्र

प्रकाशन सहायक : श्री धीरेश जोशी

परिकल्पना एवं आलेख : डॉ. सुशील कुमार

सहयोग : श्री सुनील कुमार एवं श्री कृष्णमूर्ति

1.	बच्चे	
	भारतीय	
	(अ) 08 वर्ष तक	निःशुल्क
	(ब) 9–18 वर्ष तक	रु 20/–
	(स) 12वीं तक के विद्यार्थी (स्कूल ड्रेस में अथवा परिचय-पत्र दिखाने पर) (अधिकतम 5 शिक्षकों के साथ)	निःशुल्क
	विदेशी	रु. 200/–
2.	वयस्क	
	(अ) भारतीय	रु. 50 /–
	(ब) विदेशी	रु. 500/–
3.	दिव्यांग	निःशुल्क

* राजपत्रित अवकाश एवं माह के दूसरे शनिवार के बाद के रविवार को पूर्ण अवकाश

** भ्रमण की पूर्व सूचना पर निःशुल्क प्रदर्शक (गाइड) की सुविधा

E-mail: allahabadmuseum@rediffmail.com
Ph. : 0532-2408237, 2407409, 2408690
Website : theallahabadmuseum.com
Twitter : @allahabadmuseum